(ख) कोई महिला अभ्यर्थी, जिसका विवाह केवल इस कारण से पंजीकृत नहीं हो सका हो कि उसके पति की एक से अधिक जीवित पत्नियाँ हैं या उसकी एक पत्नी जीवित है और वह पुनर्विवाह कर लेती है ऐसी किसी भी सेवा में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगी जब तक कि सरकार का यह समाधान न हो जाए कि ऐसा करने के लिए कोई विशेष कारण या औचित्य है और इसके लिए सरकार द्वारा ऐसी महिला अभ्यर्थी को इस नियम से छूट दी जा सकेगी।

(ग) कोई अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र होगा यदि समय-समय पर यथासंशोधित मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के उपबंधों के अनुसार 26 जनवरी, 2001 के पश्चात् उसे कोई तीसरी संतान नहीं होती है।

**21. अभ्यर्थी की मानसिक और शारीरिक स्थिति -**

उम्मीदवार का मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिये और उसमें ऐसा कोई शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे उसके द्वारा विशेष कर्तव्यों का निर्वहन प्रतिकूलत: प्रभावित हो सकता हो, यदि कोई उम्मीदवार जो ऐसा चिकित्सा परीक्षा के पश्चात् जो यथास्थिति, शासन या नियुक्ति प्राधिकारी विहित करें, इन अपेक्षाओं के अनुसार संतोषजनक न पाया जाए, नियुक्त नहीं किया जायेगा, केवल ऐसे उम्मीदवारों का चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा, जिनके संबंध में नियुक्ति के लिए विचार किये जाने की संभावना हो

**22. आवेदनों का रद्द किया जाना -**

ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हैं और जो विहित प्रारूप में नहीं हैं या जिनके साथ परीक्षा शुल्क नहीं है,  रद्द कर दिए जाएंगे तथा मण्डल का विनिश्चय अंतिम होगा।

**23. अभ्यर्थी द्वारा आरक्षण का दावा -**

(1) आरक्षण का दावा कर रहा अभ्यर्थी, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया समुचित और विधिमान्य जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा।

(2) आरक्षण का दावा कर रहे अभ्यर्थी के पास मध्यप्रदेश के किसी जिले के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र होगा और वह मण्डल या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा मांग किए जाने पर मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। यदि अभ्यर्थी ऐसा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो ऐसी अभ्यर्थिता या चयन का दावा रद्द हो जाएगा। ऐसे रद्दकरण का दायित्व केवल अभ्यर्थी का होगा।

(3) ऐसे भूतपूर्व सैनिकों को, जो आयु में शिथिलीकरण का दावा कर रहे हैं, उनके मंत्रालय या उस कार्यालय द्वारा जहां अंतिम उपस्थिति दर्ज की हो, जारी किया गया मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें पदभार ग्रहण करने की तारीख तथा रक्षा सेवाओं से उसकी सेवानिवृत्ति की तारीख का उल्लेख हो, यदि उसे मितव्ययिता इकाई द्वारा अतिशेषा घोषित करने की अनुशंसा के आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है तो उसके रोजगार कार्यालय में पंजीयन की, यदि कोई हो, सत्यापित प्रति आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की जाएगी।

**24. अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आधार -**

किसी अभ्यर्थी की, जो निम्नलिखित किन्हीं आधारों पर दोषी पाया जाता है, अभ्यर्थिता रद्द हो जाएगी, जिसने -

(क) आनलाईन (लिखित) परीक्षा में किसी भी रीति में इस प्रकार सहयोग अभिप्राप्त किया है जिससे उसकी अभ्यर्थिता प्रभावित हुई है; या

(ख) प्रतिरूपण किया हो; या

(ग) किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण का कार्य करवाया हो; या

(घ) अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किया गए हों जो रूपांतरित किए गए हों; या

(ड़) ऐसे विवरण दिए हों, जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो कि चयन के लिए आवश्यक हो; या

(च) किसी अन्य अनियमित या अनुचित साधन के साथ परीक्षा में भाग लिया हो; या

(छ) परीक्षा कक्ष में किन्हीं अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या उपयोग करने का प्रयास किया हो; या

(ज) परीक्षा कक्ष में परीक्षा के कार्य में लगे हुए अधीक्षक को कोई शारीरिक क्षति की धमकी दी हो या धमकी दिलवाई हो; या

(झ) प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी को दिए गए दिशा निर्देशों या आदेश और परीक्षा कक्ष में अधीक्षक या किसी अन्य कर्मचारी द्वारा दिए गए मौखिक निर्देश का उल्लंघन किया हो; या

(ञ) परीक्षा कक्ष में इस प्रकार दुरव्यव्हार किया हो जो आपराधिक अभियोजन के लिए उसे उत्तरदायी ठहराता हो।

25. नागरिकता एवं स्थाई निवासी के संबंध में :-

(I) पद पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवार

(क) भारत का नागरिक हो ।

(ख) नेपाल का नागरिक हो सकता है ।

(ग) यदि (ख) हो तो म.प्र. सिविल सेवा भर्ती नियम 1961 के लागू नियम के अन्तर्गत प्रमाण पत्र दिया जाना आवश्यक है ।

**नोट:-** किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक हो इस बात के अध्यधीन अंतिम रूप से नियुक्त किया जा सकेगा कि राज्य शासन द्वारा म.प्र.सिविल सेवा भर्ती नियम 1961 के अनुसार उसके पक्ष में आवश्यक प्रमाण पत्र अंतत: जारी कर दिया जाए।

(II) ऐसे अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी नहीं हैं, सिर्फ अनारक्षित/ओपन के अंतर्गत रिक्त पदों हेतु ही अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे आवेदकों को आरक्षण अथवा आयु सीमा में छूट का कोई भी लाभ नहीं मिलेगा ।

**26.** मध्यप्रदेश शासन,सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, के पत्र क्र. सी 3-5-2015-3-एक भोपाल, दिनांक 31 जुलाई, 2015 के अनुसार मण्डल के माध्यम से आयोजित होने वाली परीक्षाओं हेतु न्यूनतम अर्हता के अतिरिक्त वांछनीय अनुभव व वांछनीय योग्यता या उसके आधार पर वरीयता दिये जाने का उल्लेख विभागों द्वारा नहीं किया जाए । इसके अतिरिक्त पदों का विवरण भेजते समय उक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये ।

**27. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की फीस प्रति पूर्ति**

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल, के आदेश क्र. सी-3-9/2016/1-3 भोपाल दिनांक 25/07/2017 के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की फीस प्रति पूर्ति की प्रतिपूर्ति की राशि भुगतान संबधित विभाग द्वारा किया जावेगा ।

28. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक सी-3-9/2016/1/3 भोपाल, दिनांक 10/10/2016 के की कण्डिका क्रमांक 2 के बिन्दु क्रमांक 5 के अनुसार भर्ती परीक्षा के पद संख्या एवं विभागों के नाम घटाये-बढाये जा सकेंगे ।

29. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासनविभाग के परिपत्र दिनांक सी. 3-13/2019/3/एक दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 के अनुसार वेतनमान के न्यूनतम का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत द्वितिय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतिय वर्ष 90 प्रतिशत राशि के रूप में देय होगी। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारम्भ किया जाएगा ।

# पटवारी चयन परीक्षा- 2022 हेतु

## चयन संबंधी नियम/निर्देश

**1.** पटवारी के रिक्त पदों पर चयन हेतु इस परीक्षा के लिए निम्न निर्देश लागू होगें।

**2. सामान्य:-**

यह निर्देश उन समस्त आवेदकों पर लागू होंगे जो भू-अभिलेख, राजस्व विभाग के पटवारी के पद हेतु चयन परीक्षा 2022 में आवेदन कर रहे हैं ।

**3. परिभाषाऐं :-**

3.1 "आरक्षण" से अभिप्रेत है सेवाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछडे वर्गों के सदस्यों के लिये पदों का आरक्षण ।

3.2 ''अनुसूचित जाति ''से अभिप्रेत है कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा जाति, मूलवंश या जनजाति के भाग या उसमें का यूथ जिसे संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्य प्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

3.3 ''अनुसूचित जनजाति ''से अभिप्रेत है कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजाति या जनजाति समुदाय के भाग या उसमें का यूथ जिसे संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्य प्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

3.4 ''अन्य पिछडे वर्ग ''से अभिप्रेत है राज्य सरकार द्वारा समय -समय पर संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5 पच्चीस 4-84 तारीख 26 दिसम्बर 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछडे वर्ग किसी रिक्त के संबंध में ।

3.5 ''भर्ती का वर्ष ''से अभिप्रेत है किसी वर्ष की पहली जनवरी को प्रारम्भ होने वाली 12 मास की कालावधि, जिसके भीतर ऐसे रिक्त पद के प्रति सीधी भर्ती की प्रक्रिया आरम्भ की जाती है

3.6 ''भूतपूर्व सैनिकों से अभिप्रेत है ''ऐसा व्यक्ति जिसने संघ के सशस्त्र बलों में जिसमें भूतपूर्व भारतीय रियासतों के संयुक्त सशस्त्र बल भी सम्मिलित हैं, किसी भी रेंक (लडाकू या गैर लडाकू) के कम से कम लगातार छः मास की कालावधि तक सेवा की हो और -

(एक) जिसे स्वयं के निवेदन पर या अक्षमता के कारण पदच्युत, सेवोन्मुक्त किये जाने से अन्यथा निर्मुक्त किया गया है, या ऐसी निर्मुक्त के लंबित रहने तक रिजर्व में अंतरित किया गया हो या-

(दो) जिसे उपरोक्तानुसार निर्मुक्त या अंतरित किये जाने का हकदार होने के लिये अपेक्षित सेवा की कालावधि पूरी करने हेतु छः माह से अधिक अवधि के लिये करनी पड़ी हो,

(तीन) जिसे केन्द्र शासन के सशस्त्र बल में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात स्वयं के निवेदन पर निर्मुक्त किया गया हो ।

3.7 "आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (E.W.S.)" से अभिप्रेत है कि ऐसे वर्ग जिसे राज्य शासन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप मे विनिर्दिष्ट W किया गया है।

**4. वेतनमान :-**

पटवारी पद हेतु वेतनमान रूपये 5200-20200+2100 ग्रेड पे है ।

**5. अर्हताऐं:-**

पटवारी चयन प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने के लिये वही उम्मीदवार पात्र होगा जिसके पास निम्नलिखित न्यूनतम अर्हताऐं है -:

1. "किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि |"

2. पटवारी चयन परीक्षा हेतु CPCT स्कोर कार्ड हिंदी टाइपिंग एवं कंप्यूटर दक्षता सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथापि CPCT परीक्षा उत्तीर्ण न होने पर चयनित अभ्यर्थियों को CPCT परीक्षा नियुक्ति के पश्चात परिवीक्षाधीन अवधि 03 वर्ष के अन्दर उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा, अन्यथा नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी ।

3. सीधी भर्ती के पद पर प्रथम तीन वर्ष के दौरान चयनित अभ्यर्थी का वेतन मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र क्र. सी. 3-13/2019/3/एक भोपाल दिनांक 12 दिसंबर 2019 अनुसार देय होगा ।

**टीप :-** 1. ऑनलाईन आवेदन-पत्र में भरी गई जानकारी का सत्यापन चयन के समय राजस्व विभाग द्वारा परीक्षा में नियुक्ति पत्र प्रदान करने के पूर्व किया जायेगा।

**टीप :-** 2. विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति, (बैगा, सहारिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा, वे अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं |

टीप :- 3. आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवेदक का पंजीयन म.प्र. रोजगार पंजीयन मे होना अनिवार्य है।

**6 . आरक्षण :-**

6.1 पटवारी का पद जिलास्तरीय संवर्ग पद है । अतः जिला स्तर पर लागू पदों का आरक्षण एवं रोस्टर का पालन चयन प्रकिया के दौरान किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा ।

शासन द्वारा जिलेवार स्वीकृत 100 बिन्दु रोस्टर का पूर्णतः पालन करते हुए जिले के कुल वर्गवार रिक्त पदों में आरक्षण की संख्या सुनिश्चित करते हुए रिक्त पदों की पूर्ति हेतु नियमानुसार विज्ञप्ति प्रकाशित की जावेगी । अनुसूचित वर्ग के पदो को किसी अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों से नहीं भरा जावेगा ।

6.2 महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत पदों का आरक्षण (Horizontal) होगा । यदि किसी भी अनारक्षित/आरक्षित प्रवर्ग में महिलाओं के लिये आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में चयन होने से रिक्त रह जाते है तो ऐसे पद उसी प्रवर्ग के पुरुष उम्मीदवार से न भरते हुए आगामी वर्ष के लिये अग्रणीत (Carry forward) किये जायेगे ।

6.3 दिव्यांग के लिये म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग (आरक्षण प्रकोष्ठ) मंत्रालय के पत्र क्रमांक एफ 8/4/2001/आप्र./एक(पार्ट) भोपाल दिनांक 03/07/2018 के अनुसार 1. श्रवण बाधित(बहरे और कम सुनने वाले) 2. लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोगमुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी 3. ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता श्रेणी में कुल 6 प्रतिशत आरक्षण (Horizontal) होगा। जो तीनों श्रेणियों के लिए 2-2-2% होगा | **मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक 648/2009/सात/5 बी दिनांक 11 मई 2009 के अनुसार दृष्टिबाधित अभ्यर्थी पटवारी पद हेतु मान्य नहीं होगे ।**

6.4 भूतपूर्व सैनिको के लिये 10 प्रतिशत पदों का आरक्षण (Horizontal) होगा । यदि किसी भी अनारक्षित/आरक्षित प्रवर्ग में भूतपूर्व सैनिको के लिये आरक्षित पद उपयुक्त भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी के अभाव में चयन होने से रिक्त रह जाते है तो ऐसे रिक्त पद उसी प्रवर्ग के उम्मीदवार से न भरे जाकर आगामी वर्ष के लिये अग्रणीत (Carry forward) किये जायेगे ।

6.5.1 संविदा पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के ज्ञापन क्र. सी-5-2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 5 जून 2018 अनुसार होगा।

6.5.2 सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा जारी आदेश सी-5-2/2018/1-3(पार्ट फाईल) भोपाल दिनांक 18/10/2022 के अनुसार उपरोक्त बिन्दु 16(3) के परिपालन में संविदा हेतु आरक्षित 20 प्रतिशत पदों पर होरिजेन्टल आरक्षण लागू होता है अत: पर्याप्त संख्या में संविदा कर्मियों की उपलब्धता न होने होने पर शेष पदों को रोस्टर अनुसार गैर संविदा के अभ्यर्थियों से भरा जावेगा ।

6.6 शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिऐ विभिन्न वर्गो को प्राथमिकता -

सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक सी 3-9/2019/1/3 भोपाल, दिनांक 22 फरवरी 2022 के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 14/04/1972 के निर्देश में विभिन्न वर्गो को शासकीय सेवा मे नियुक्ति के लिए प्राथमिता क्रम एवं इनके साथ ही ज्ञाप क्रमांक 172/2184/1/3/8 दिनांक 27 फरवरी, 1982 के द्वारा जनगणना 1981 अतिशेष एवं ज्ञाप क्रमांक एफ सी-3-31-90-49-3 दिनांक सितंम्बर,1990 निर्वाचन अतिशेष कर्मचारियों की प्राथमिकता निम्नानुसार निर्धारित की गई है:-

| | | |
|---|---|---|
| 01 | हाल के भारत-पाक संघर्ष में अपंग हुए सैनिकों को | ए-1 |
| 02 | हाल के भारत-पाक संघर्ष में मृत सैनिकों के प्रत्येक सैनिक के परिवार के अधिक से अधिक 2 आश्रित व्यक्तियों को | ए-2 |

| | | |
|---|---|---|
| 03 | भूतपूर्व सैनिको (Demobilised Defence forces Personnel –Exservicemen –other ranks ) को | ए-3 |
| 04 | निर्वाचन के अतिशेष कर्मचारी | बी |
| 05 | अतिशेष कर्मचारियों को | बी |
| 06 | जनगणना 1981 के अतिशेष कर्मचारी | बी-1 |
| 07 | कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों को | बी-2 |
| 08 | राष्ट्रीय छात्र (NCC) के उम्मीदवारों को जिनके पास "सी" एवं "डी" प्रमाण-पत्र | सी-1 |
| 09 | वर्मा एवं सिलोन से आये हुए भारतीय नागरिकों को - | सी-2 |

2. कंडिका 1 में उल्लेखित वर्गोक की सूची में राजस्व विभाग के अन्तर्गत कार्यरत सेक्शन राईटर्स को सम्मिलित किया जाता है ।

3. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के असाधरण राजपत्र क्रमांक सी 3-10/2013/1/3 दिनांक 04 अक्टूबर 2013 से राज्य शासन अंतर्गत स्वीकृत सभी कनिष्ठ पदों पर चयन म.प्र. कनिष्ठ सेवा (संयुक्त अर्हता) परीक्षा नियम 2013 अंतर्गत म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाना नियत किया गया है ।

4. कंडिका 3 में उल्लेखित परीक्षा की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुये शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए विभिन्न वर्गो को प्राथमिकता दिए जाने के विषय में अब राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि -

4.1 कंडिका 1 में उल्लेखित वर्गो के पारस्परिक प्राथमिकता क्रम को समाप्त किया जाता है ।

4.2 कंडिका 1 एवं 2 में उल्लेखित वर्गो के उम्मीदवारों को म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित की जाती है ।

4.3 कंडिका 1 एवं 2 में उल्लेखित वर्गो के उम्मीदवारों को म.प्र. कर्मचारी चयन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा में प्राप्त प्राप्तंक में 5 प्रतिशत अतिरिक्त अंक प्रदान किये जायेंगे ।

**आरक्षण से संबंधित स्पष्टीकरण-:**

आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्राप्त होगा ।

7. **स्थानीय निवासी-:**

भारत का नागरिक हो तथा म0प्र का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है ।

8. **आयु सीमा :-**

**मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी आवेदकों के लिए आयु सीमा :-**

(i) **अभ्यर्थी** की आयु की गणना 01 **जनवरी** 2023 से निर्धारित की जावेगी ।

(ii) सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रं.सी-3-11/12/1/3, दिनांक 03.11.2012 एवं **पत्र क्र./सी.3-11/2012/3 भोपाल दिनांक** 13 **जनवरी** 2016, में संशोधित आदेश क्र; सी 3-

8/2016/3-एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 एवं सी 3-8/2016/1/3 भोपाल दिनांक 04 जूलाई 2019 के अनुसार निम्न संवर्गो के अंतर्गत आने वाले अभ्यार्थियों की आयु सीमा की गणना निम्नानुसार है :-

| क्र. | भर्ती का तरीका | लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर के तृतीय/ चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए |
|---|---|---|
| | | न्यूनतम/ अधिकतम आयु सीमा (वर्ष में ) |
| 1 | खुली प्रतियोगिता से सीधी भर्ती के भरे जाने वाले पदो के लिए | **18 से 40** |
| | अनु.जा., अनु. जनजा. अन्य पिछ्ड़ा वर्ग, शासकीय / निगम/मण्डल/स्वशसी संस्था के कर्मचारियों / नगर सैनिक/ नि:शक्तजन/ महिलाओ ( अनाराक्षित/आरक्षित) आदि के लिए | **18 से 45 ( अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट )** |

**नोट:-** **सभी पदों के लिए** अभ्यर्थियों का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।

**8.4(2) सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक एफ 07-46-2021/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 18 सितम्बर 2022 के अनुसार राज्य शासन की सेवाओं में सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों पर भर्ती हेतु कोविड-19 के कारण विगत तीन वर्षो से भर्ती परीक्षाऐं नियमित आयोजित नहीं की जा सकी है, अत: अभ्यर्थियों के हितो को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा दिसम्बर-23 तक अभ्यर्थियों की उपरोक्तानुसार अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्षो की छूट भरे जाने वाले पदों के संबंध में जारी प्रथम विज्ञापन में प्रदान किया गया है।**

**8.5 मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी आवेदकों को प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली छूटें :-**

(i) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (पूराना नाम आदिम जाति, हरिजन) एवं पिछ्ड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपत्तियों के संवर्ग सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. सी-3-10-85-3-1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में पॉच वर्ष की छूट दी जावेगी।

(ii) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रं. सी-3-18- 85-3-1, दि. 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जावेगी।

(iii) किसी स्थिति में अधिकतम आयु 48 वर्ष (संविदाकर्मी को छोड कर ) से अधिक नहीं होगी।

**8.6 मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी आवेदकों की आयु सीमा के संबंध में अन्य विवरण :-**

(i) ऐसे उम्मीदवार, को जो कि छटनी किया गया शासकीय कर्मचारी हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थायी सेवा से अधिक से अधिक सात वर्ष की अवधि भले ही वह एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने की अनुमति दी जायेगी, बशर्तें कि इसके परिणाम स्वरूप निकलने वाली आयु अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो ।

**स्पष्टीकरण :-** शब्द ''छटनी'' किये गये शासकीय कर्मचारी से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो इस राज्य अथवा संघटक इकाई में से किसी भी इकाई की अस्थायी

सरकारी सेवा में कम से कम छः माह तक निरन्तर रहा हो तथा रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया था।

(ii) ऐसे उम्मीदवार को, जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

**<u>स्परष्टीकरण</u> :-** शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा भारत सरकार के अधीन कम से कम छः माह की अवधि तक निरन्तर सेवा करता रहा हो तथा जिसका किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता यूनिट (इकाई) की सिफारिषो के फलस्वरूप या कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई हो अथवा जो आवश्यक कर्मचारियों की संख्या से अधिक (सरप्लस) घोषित किया गया हो :-

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें समय पूर्व निवृत्ति-रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन सेवा मुक्त किया गया हो,

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दुबारा भर्ती किया गया हो, और

(क) नियुक्ति की अल्पकालीन अवधि पूर्ण हो जाने पर

(ख) भर्ती संबंधी शर्तें पूरी होने पर सेवा मुक्त कर दिया गया हो,

(3) मद्रास सिविल युनिट (इकाई) के भूतपूर्व कर्मचारी

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिन्हें अनुबन्ध पूरा होने पर सेवामुक्त किया गया हो, जिसमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं।

(5) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरन्तर कार्य करने के बाद सेवा मुक्त किया गया हो ।

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो असमर्थ होने के कारण सेवा से अलग कर दिये गये हों।

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवा मुक्त किया गया हो कि अब वे सक्षम सैनिक न बन सकेंगे ।

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो,

वास्तविक विस्थापित स्वर्णकारों के अर्थात् उन स्वर्णकारों के मामले में भी जिनके पास श्रम विभाग के ज्ञापन क्रं. 3345-4005-सोलह, तारीख 6 मई 1963 के अनुसार पहचान पत्र हो, अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष तक की शिथिल की जा सकेगी।

ऐसा व्यक्ति जो 1.1.1963 के बाद रा.छ.सेना में पूर्णकालिक केडट अनुदेशक के रूप में भरती किया गया हो, अपनी प्रारंभिक वांछित सेवावधि की समाप्ति पर राष्ट्रीय छात्र सेना से निर्मुक्त होने पर अपनी वास्तविक आयु में से राष्ट्रीय छात्र सेना में की गई सेवा की अवधि घटा सकेगा, परंतु इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह किसी विशिष्ट पद के लिए विहित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

**टीप :** (1) उपर्युक्त उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अंतर्गत जिन उम्मीदवारों को चयन के योग्य माना गया हो वे यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद, चयन के लिए उपस्थित होने के पूर्व या पश्चात सेवा से त्याग-पत्र दे दें, तो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे तथापि यदि आवेदन पत्र भेजने के बाद उनकी सेवा अथवा पद से छंटनी हो जावे तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे। अन्य किसी भी मामले में इन आयु सीमाओं में छूट नहीं दी जावेगी। विभागीय उम्मीदवारों को चयन के लिए उपस्थित होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी ।

**(2)** यदि कोई आवेदक प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली छूटों में से निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट के लाभ के लिये एक से अधिक आधार रखता है, तो उसे अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में ही छूट का लाभ प्राप्त होगा। यह छूट निर्धारित अधिकतम आयु-सीमा के अतिरिक्त होगी। सभी प्रकार की छूट को शामिल करते हुए किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग के लिए अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

(ब) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रं. 524/575/2015/आप्र/एक भोपाल, दिनांक 25 जून 2015 के आधार पर भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम, 1985 के नियम-5 में निम्नानुसार प्रावधान है:-

“ आयु-सीमा के संबंध में विशेषा उपबंध-राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में किसी रिक्त स्थान पर चाहे वहर इन नियमों के अधीन आरक्षित हो या अनारक्षित हो, नियुक्ति के लिये प्रत्येक ऐसे भूतपूर्व सैनिक को जो संघ के सशस्त्र बलों में लगातार कम से कम छह मास तक सेवा में रहा हो, उसकी वास्तविक आयु में से ऐसी सेवा की कालावधि घटाने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा यदि इसके परिणामस्वरूप आयु उस पद या सेवा के लिये, जिसके लिये वह नियुक्ति चाहता है, चिहिंत अधिकतम आयु-सीमा में तीन वर्ष से अधिक न हो, तो उसके संबंध में यह समझा जाएगा कि वह आयु-सीमा से संबंधित शर्त को पूरा करता है ।

**9. निरर्हताऐं-:**

9.1 विकृत चित्त वाला होने पर |

9.2 दुश्चरित्र होने पर |

9.3 शारीरिक दुर्बलता के कारण काम । शारीरिक दुर्बलता (Physical infirmity) भी ऐसा होना चाहिए की जो अस्थाई दशा (Temporary Phase) न हो, बल्कि शारीरिक ऐसी अस्वस्थता हो जिसमें रोग का स्थायित्व हो गया हो और उसके कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो |

9.4 पररूपधारण -किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा ।

9.5 विवाह संबंधी -जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे पटवारी के पद पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा । कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/स्त्री से विवाह किया हो, जिसकी पहले ही जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे ।

दिनांक 26.01.2001 के पश्चात जिस उम्मीदवार के जीवित बच्चो की संख्या 2 से अधिक हो गयी हो वह चयन के लिये पात्र नहीं होगा परन्तु कोई उम्मीदवार जिसकी पहले से ही एक जीवित संतान है तथा 26 जनवरी, 2001 के पश्चात आगामी प्रसव में 2 या अधिक संतान का जन्म होता है तो वह नियुक्ति के लिये अनर्ह नहीं होगा ।

9.6 कूट रचित अभिलेख प्रस्तुत करने पर

9.7 परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार एवं शांति भंग करने का प्रयास

9.8 कदाचरण संबंधी -किसी भी ऐसे उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने उसे शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो ।

9.9 कोई भी अभ्यर्थी जो किसी नैतिक अधोपतन के अपराध में दोषसिद्ध हुआ हो अथवा जिसके विरूद्ध नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध में प्रकरण दर्ज हुआ हो। वह सेवा मे नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।

9.10 स्वास्थ्य संबंधी - मानसिक रूप से फिट न होने पर किसी उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नहीं किया जावेगा जब तक कि वह राज्य शासन के ऐसे चिकित्सा अधिकारी, जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् अच्छी तरह से शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें ।

9.11 फर्जी दस्तावेज/दस्तावेज फेरबदल किया हो/चयन के स्तर पर जानकारी छिपायी हो/सारभूत जानकारी छिपायी हो ।

10. जिलेवार दिनांक 31.03.2022 तक अनुमानित रिक्तियां परिशिष्ट 01 अनुसार हैं

टीप-: निःशक्तजन /भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदो की संख्या का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग के अद्यतन नियमानुसार संबंधित जिलो द्वारा किया गया है ।

**11. चयन एवं नियुक्ति प्रकिया :-**

11.1 परीक्षा में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के नाम सफल अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित किए जाएंगे जिन्होनें निर्धारित कुल अंकों में से न्यूनतम अंक प्राप्त किए हों। इस प्रयोजन हेतु अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा नि:शक्तजन अभ्यर्थियों के लिए 10 प्रतिशत तक अंकों की छूट देते हुए 40 प्रतिशत न्यूनतम अर्हता अंक होंगे।

11.2 पटवारी चयन के संबंध में निम्नानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी :-

(क)अभ्याथियो के द्वारा आवेदन पत्र भरते समय अपनी पसंद के जिलो को वरीयता के क्रम अंकित किये जायेगे |

(ख) पटवारी पद एक जिला स्तरीय संवर्ग का पद हैं अत: अभ्याथियो को अपने आवेदन पत्र में जिला अंकित करना होगा , जिस जिले में अभ्यार्थी पदस्थापना चाहते हैं| यदि अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरते समय अपनी पद स्थापना हेतु जिलो में प्राथमिकता अंकित करते समय एक या अधिक जिलो का चयन नहीं करते हैं तो यह माना जायेगा कि अभ्यर्थी इस/इन जिलो में पदस्थापना नहीं चाहता हैं भले ही अभ्यर्थी मेरिट सूची में चयन क्रम अनुसार पदस्थापना की पात्रता रखता हो तथा उसकी उस जिले में पदस्थापना नहीं की जाएगी ।

(ग) आवेदन के समय जिलो की दी गई वरीयता में आवेदन जमा करने के पश्चात् कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा |

11.3 प्रतियोगी परीक्षा उपरांत उत्तीर्ण अभ्यथियो की मेरिट सूची (चयन सूची) अभ्यर्थियों द्वारा उनके आवेदन में दिए गए जिलों की वरीयता क्रम एवं मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को जिले का आवंटन मण्डल द्वारा किया जायेगा। यह मेरिट सूची (प्रथम काउंसलिंग की चयन सूची) मण्डल को भेजी गई सूची के अनुसार जिलेवार एवं वर्गवार होगी। मेरिट सूची का परीक्षण कर आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा उक्त सूची संबंधित जिले को प्रेषित की जायेगी।

11.4 मण्डल द्वारा जारी मेरिट सूची ही प्रथम काउंसलिंग की चयन सूची होगी।

11.5 जिलों मे चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना मण्डल द्वारा प्रेषित मेरिट सूची (प्रथम काउंसलिंग की चयन सूची) के आधार पर केवल एक ही काउंसलिंग के माध्यम से की जावेगी। यह प्रक्रिया प्रथम काउंसलिंग कहलाएगी।

11.6 यह काउंसलिंग MPONLINE के माध्यम से की जावेगी । इस काउंसलिंग मे सम्मिलित होने हेतु निर्धारित शुल्क प्रथम काउंसलिंग की चयन सूची के अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन देय होगा । इस काउंसलिंग हेतु मेरिट सूची (चयन सूची) के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन ही MPONLINE के पोर्टल के माध्यम से दस्तावेज संलग्न करना होगा ।

11.7 MPONLINE द्वारा आयोजित प्रथम काउंसलिंग में अभ्यर्थी को आवंटित जिला अंतिम होगा । ऐसे अभ्यर्थी जो इस काउंसलिंग मे अनुपस्थित अथवा दस्तावेज सत्यापन उपरांत अपात्र होते हैं। उनकी उम्मीदवारी निरस्त करते हुये इन पदों को रिक्त माना जावेगा ।

11. यदि प्रथम काउंसलिंग उपरांत सभी रिक्त पदों की पूर्ति नहीं हो पाती है तो ऐसे रिक्त पदों की पूर्ति MPONLINE द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के माध्यम से केवल और केवल एक और अतिरिक्त काउंसलिंग द्वारा की जावेगी । यह प्रक्रिया द्वितीय काउंसलिंग कहलाएगी ।

11.9 इस हेतु मण्डल द्वारा मेरिट सूची (चयन सूची) के अतिरिक्त ऐसे शेष अभ्यर्थी जिनके द्वारा इस परीक्षा हेतु निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त किये हैं, की सूची आयुक्त भू-अभिलेख को प्रेषित की जावेगी । यह सूची भी परिशिष्ट- 1 अनुसार जिलेवार व वर्गवार होगी । यह सूची आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा MPONLINE को प्रथम काउंसलिंग उपरांत हुए रिक्त पदों की वर्ग वार जानकारी के साथ प्रेषित की जावेगी।

11.10 MPONLINE, MPESB की प्रेषित सूची में से ऐसे अभ्यर्थियों के नामों को पृथक करने की कार्यवाही करेगा जो प्रथम काउंसलिंग मे दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित हुए है। उपस्थित अभ्यर्थियों (भले ही दस्तावेज सत्यापन मे इन्हें पात्र किया गया हो अथवा अपात्र घोषित किया गया हो) के नामों को MPESB की सूची से हटाया जाकर MPONLINE द्वारा जिलों के रिक्त पदों की जिलेवार एवं वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जाकर आयुक्त भू-अभिलेख को प्रेषित की जायेगी। आयुक्त भू-अभिलेख द्वारा उक्त सूची परीक्षण कर संबंधित जिले को प्रेषित की जावेगी । MPONLINE द्वारा तैयार की गई प्रतीक्षा सूची के आधार पर द्वितीय काउंसलिंग भी ऑनलाईन MPONLINE के माध्यम से की जावेगी । यह प्रतीक्षा सूची, मेरिट सूची की भांति अभ्यर्थियों की मेरिट एवं जिलों की वरीयता के आधार पर तैयार की जावेगी । यह प्रतीक्षा सूची द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची होगी।

11.11 इस काउंसलिंग में केवल ऐसे अभ्यर्थियों के नामों को विचार श्रेणी मे लिया जावेगा जो MPONLINE द्वारा तैयार की गई प्रतीक्षा सूची (द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची) मे होंगे अर्थात ऐसे अभ्यर्थी जो प्रथम काउंसलिंग मे उपस्थित हो चुके हैं (भले ही वे दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र अथवा अपात्र घोषित किये गये हों) उनके नामों को प्रतीक्षा सूची मे सम्मिलित नही किया जायेगा। प्रथम काउंसलिंग के दौरान अनुपस्थित अभ्यर्थी यह दावा नही कर सकते कि उसे MPONLINE द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची मे मेरिट (चयन सूची) के आधार पर वरीयता देते हुए उनके नाम प्रतीक्षा सूची मे शामिल किये जाए ।

11.12 MPONLINE द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची (द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची) मे केवल उतने अभ्यर्थियों के नामों पर ही विचार किया जावेगा जितने पद प्रथम काउंसलिंग उपरांत जिलों मे वर्गवार रिक्त होगें। इसके अतिरिक्त नामों को द्वितीय काउंसलिंग मे सम्मिलित नही किया जावेगा ।

11.13 इस काउंसलिंग मे प्रतीक्षा सूची (द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची) से चयनित अभ्यर्थी को आवंटित जिला भी अंतिम होगा । प्रतीक्षा सूची (द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची)

में भी सम्मिलित अभ्यर्थियों का नाम मेरिट सूची की भांति केवल एक ही जिले में होगा जो अभ्यर्थियों द्वारा उनके आवेदन के दौरान दी गई जिलों की वरीयता के क्रम मे आवेदन मे भरा गया है।

11.14 प्रतीक्षा सूची (द्वितीय काउंसलिंग की चयन सूची) तैयार करने का उद्देश्य केवल मेरिट सूची से जिले में प्रथम काउंसलिंग के दौरान विभिन्न कारणों से हुए रिक्त पदों की पूर्ति करना हैं ।

11.15 कोई भी अभ्यर्थी जिसका नाम, मण्डल द्वारा मेरिट सूची( प्रथम काउंसलिंग हेतु चयन सूची) के बाद आयुक्त भू-अभिलेख को भेजी गयी सूची मे है, तो वह यह दावा नही कर सकता की वह पटवारी पद के लिये योग्य है एवं उसे द्वितीय काउंसलिंग मे जिले मे उपस्थित होने हेतु कॉल लेटर जारी किया जाएगा । पटवारी पद पर प्रतीक्षा सूची से केवल उतने अभ्यर्थियों का चयन किया जाना जाएगा जितने पद प्रथम काउसंलिग उपरांत जिले में सवर्गवार रिक्त होगे।

11.16 यह काउंसलिंग भी MPONLINE के माध्यम क प्रथम काउंसलिंग की भांति होगी ।

11.17 जिले द्वारा मेरिट सूची अनुसार प्रथम काउंसलिग के दौरान अपनायी गई प्रक्रिया अनुसार ही द्वितीय काउंसलिंग की कार्यवाही की जायेगी।

11.18 यदि द्वितीय काउंसलिंग के उपरान्त भी विभिन्न कारणों से जिले में पद रिक्त पाये जाते हैं तो यह पद आगामी भर्ती परीक्षा के माध्यम से भरे जावेगें।

11.19 जिला कलेक्टर चयनित अभ्यर्थियों की सूची, नियुक्ति पत्र जारी करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)को प्रेषित करेगा । अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)द्वारा सबंधित को नियुक्ति आदेश जारी किये जावेंगे । यह नियुक्ति आदेश प्रशिक्षण में उपस्थिति दिनांक से प्रभावशील होगा ।

11.20 किसी भी चयनित अभ्याथी को गृह तहसील में पदस्थ नही किया जायेगा।

**12. न्याय/क्षेत्राधिकार-:**

किसी भी विधि संबंधी विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार (Jurisdiction) मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय तक ही सीमित होगा ।

# पटवारी पदों की एकजाई आरक्षण तालिका

सीधी भर्ती -पटवारी -कुल 6755 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 1008 | 476 | 141 | 61 | 282 | 134 | **2102** | दिव्यांगों की कुल 364 रिक्तियों में से 00 VH 122 EH 127 LD एवं 115 MD निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है । |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 277 | 127 | 42 | 11 | 77 | 32 | **566** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 410 | 206 | 65 | 22 | 112 | 47 | **862** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 824 | 396 | 110 | 56 | 232 | 104 | **1722** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 724 | 337 | 105 | 41 | 202 | 94 | **1503** | |
| | योग | **3243** | **1542** | **463** | **191** | **905** | **411** | **6755** | |

# पटवारी पदों की जिला स्तरीय वर्गीकृत आरक्षण तालिका

## 1. कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख, म.प्र. , ग्वालियर

आयुक्त भू-अभिलेख, म.प्र. ग्वालियर पत्र क्रमांक 1105/ स्था. एक/पट0/144405/2022 ग्वालियर, दिनांक 28/09/22,1317/ स्था. एक/पट0/144405/2022 ग्वालियर, दिनांक 16/11/22 एवं 1360/स्था. एक/पट0/144405/2022 के अंतर्गत रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है:-

आरक्षणतालिका

पोस्ट कोड- 148 सीधी भर्ती -पटवारी (श्योपुर) -कुल 21 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | **7** | निरंक |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 4 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | **6** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | **6** | |
| | योग | **13** | **5** | **0** | **0** | **3** | **0** | **21** | |

पोस्ट कोड-149 सीधी भर्ती -पटवारी (मुरैना) -कुल 16 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | **6** | निरंक |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | **5** | |
| | योग | **10** | **4** | **0** | **0** | **2** | **0** | **16** | |

पोस्ट कोड-150 सीधी भर्ती -पटवारी (ग्वालियर) -कुल 01 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | निरंक |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| | योग | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | |

## पोस्ट कोड- 151 सीधी भर्ती -पटवारी (शिवपुरी) -कुल 31 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 10 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | **15** | दिव्यांगों की कुल 01 रिक्तियों में से 00 VH 00 EH 00 LD एवं 01 MD निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है । |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 7 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | **11** | |
| | योग | **20** | **9** | **2** | **0** | **0** | **0** | **31** | |

## पोस्ट कोड- 152 सीधी भर्ती -पटवारी (गुना) -कुल 96 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 15 | 7 | 2 | 1 | 4 | 2 | **31** | दिव्यांगों की कुल 07 रिक्तियों में से 00 VH 02 EH 01 LD एवं 04 MD निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | **9** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 8 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | **16** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 6 | 3 | 1 | 0 | 2 | 1 | **13** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 13 | 5 | 2 | 1 | 4 | 2 | **27** | |
| | योग | **47** | **19** | **7** | **3** | **13** | **7** | **96** | |

## पोस्ट कोड-153 सीधी भर्ती -पटवारी (अशोकनगर) -कुल 86 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 16 | 7 | 2 | 1 | 4 | 2 | **32** | दिव्यांगों की कुल 05 रिक्तियों में से 00 VH 01 EH 02 LD एवं 02 MD निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 4 | 2 | 1 | 0 | 2 | 0 | **9** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 9 | 4 | 2 | 0 | 3 | 1 | **19** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 13 | 6 | 2 | 0 | 3 | 2 | **26** | |
| | योग | **42** | **19** | **7** | **1** | **12** | **5** | **86** | |

## पोस्ट कोड- 154 सीधी भर्ती -पटवारी (दतिया) -कुल 07 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | निरंक |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** | |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | योग | **6** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **7** | |

## पोस्ट कोड- 155 सीधी भर्ती -पटवारी (उज्जैन) -कुल 131 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | दिव्यांगों की कुल 07 रिक्तियों में से 00 |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 21 | 10 | 3 | 1 | 6 | 3 | **44** | VH 00 EH 03 LD एवं 04 MD |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 7 | 4 | 1 | 0 | 2 | 1 | **15** | निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 13 | 8 | 2 | 1 | 4 | 2 | **30** | श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 20 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | **39** | किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की |
| | योग | **63** | **31** | **9** | **3** | **17** | **8** | **131** | बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |

## पोस्ट कोड- 156 सीधी भर्ती -पटवारी (देवास) -कुल 150 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | दिव्यांगों की कुल 08 रिक्तियों में से 00 |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 21 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 44 | VH 00 EH 03 LD एवं 05 MD |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 8 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 16 | निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 13 | 5 | 1 | 2 | 3 | 2 | 26 | श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 11 | 4 | 1 | 2 | 3 | 2 | 23 | चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 20 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 | 41 | किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की |
| | योग | **73** | **27** | **7** | **13** | **19** | **11** | **150** | बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |

## पोस्ट कोड- 157 सीधी भर्ती -पटवारी (रतलाम) -कुल 101 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | दिव्यांगों की कुल 07 रिक्तियों में से |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 18 | 8 | 3 | 1 | 5 | 3 | **38** | 00 VH 02 EH 01 LD एवं 04 MD |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 5 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | **10** | निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | **9** | श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 8 | 4 | 1 | 1 | 2 | 1 | **17** | चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 13 | 5 | 2 | 1 | 4 | 2 | **27** | किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की |
| | योग | **49** | **20** | **8** | **3** | **13** | **8** | **101** | बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |

## पोस्ट कोड- 158 सीधी भर्ती -पटवारी (शाजापुर) -कुल 71 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | दिव्यांगों की कुल 04 रिक्तियों में से |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 17 | 8 | 2 | 1 | 5 | 2 | **35** | 00 VH 00 EH 02 LD एवं 02 MD |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 3 | 3 | 0 | 0 | 1 | 0 | **7** | निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 8 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | **16** | श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** | चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 6 | 2 | 1 | 0 | 2 | 1 | **12** | किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की |
| | योग | **35** | **16** | **4** | **2** | **10** | **4** | **71** | बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है |

## पोस्ट कोड-159 सीधी भर्ती -पटवारी (आगर मालवा) -कुल 76 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओपन | महिला | ओपन | महिला | ओपन | महिला | | दिव्यांगों की कुल 05 रिक्तियों में से 00 |
| 1. | अनारक्षित (UR) | 6 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | **10** | VH 02 EH 03 LD एवं 00 MD |
| 2. | ई.डब्लू.एस. | 12 | 5 | 2 | 0 | 3 | 1 | **23** | निशक्तजन के लिये आरक्षित है । जिस |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) | 2 | 8 | 2 | 0 | 2 | 1 | **15** | श्रेणी का निशक्तजन इन पदों लिये |
| 3. | अनुसूचित जनजाति (ST) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | चयनित होगा उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य |
| 4. | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | 12 | 6 | 4 | 0 | 3 | 3 | **28** | किया जायेगा यह पद प्रत्येक श्रेणी की |
| | योग | **32** | **20** | **8** | **0** | **10** | **6** | **76** | बिना वर्ग/ओपन रिक्तियों में समाहित है । |

## पोस्ट कोड- 160 सीधी भर्ती -पटवारी (मन्दसौर) -कुल 128 पद

| सक्र. | श्रेणी | निल | | भूतपूर्व सैनिक | | संविदा कर्मी हेतु | | योग | दिव्यांग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
